वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय- 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 05 जनवरी 2020

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

अभाविप कार्यकर्ताओं पर जेएनयू में वामपंथियों द्वारा हमला, 25 से अधिक अभाविप कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल.

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं पर जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में वामपंथी छात्र संगठनों से जुड़े गुंडों ने बहुत क्रूरतम ढंग से लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला किया। जिसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कई कार्यकर्ता गंभीर रूप से चोटिल हुए हैं तथा जेएनयू एसयू चुनाव में अभाविप के प्रत्याशी रहे तथा अभाविप जेएनयू के वर्तमान में सचिव मनीष जांगिड़ का हाथ वामपंथियों के हमले में टूट गया है।

वामपंथी लगातार कुछ फेक व्हाट्सएप ग्रुप के स्क्रीनशॉट तथा अपने ही नकाबपोश वामपंथी साथियों को अभाविप का बताकर कुछ तस्वीरें साझा कर रहे हैं, जो कि फेक हैं तथा उनके स्वयं के लोगों की हिंसा में लिप्त होने को उजागर कर रही हैं।

पिछले 3 दिनों से जेएनयू में वामपंथी लगातार गतिरोध बनाए हुए थे तथा वामपंथी गुंडों ने जेएनयू के रजिस्ट्रेशन कर रहे आम छात्रों को बुरी तरह से पीटा तथा उनके हाथ से रजिस्ट्रेशन फॉर्म लेकर फाड़ दिए। जेएनयू में वामपंथी गुंडों ने वर्तमान में पढ़ाई लिखाई का माहौल पूरी तरह से खराब कर दिया है तथा पूरा माहौल लेफ्ट की हिंसा की वजह से भयग्रस्त हो गया है।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि, "जेएनयू में पढ़ रहे अभाविप के कार्यकर्ताओं पर जिस तरह आज जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में हमला हुआ, वह बहुत ही निंदनीय है। हिंसा का परिसरों में बिल्कुल कोई स्थान नहीं है लेकिन वामपंथी परिसरों में लगातार हिंसा फैला रहे हैं, जिससे आम छात्र बुरी तरह से भयभीत है। अभाविप प्रशासन से मांग करती है कि हिंसा में संलिप्त वामपंथी गुंडों के खिलाफ त्वरित एवं कड़ी कार्रवाई की जाए।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)